आनंदालय

वार्षिक परीक्षा

कक्षा : सातवीं

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 80
दिनांक: 28-02-2024 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1) प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं, 'अ' और 'ब' |
2) खंड **'अ'** में कुल 7 बहुविकल्पीय प्रश्न (40 उप प्रश्नों सहित) हैं ।
3) खंड 'ब' में 7 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
4) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
5) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नोत्तर क्रमश: लिखिए ।
6) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।

**खंड- 'अ' (बहुवैकल्पिक प्रश्न)**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

एक जंगल में पारिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। पारिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो पारिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर पारिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता पारिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह पारिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही पारिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर पारिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

(i) जंगल में किसका पेड़ था?

(क) गंधराज (ख) परिजात (ग) मोगरा (घ) रातरानी

(ii) परिजात स्वयं को क्या समझता था ?

(क) पेड़ों का सरताज (ख) पेड़ों का दास (ग) ईश्वर (घ) प्रकृति का वरदान

(iii) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था ?

(क) सरदी में (ख) पतझड़ में (ग) वर्षा में (घ) बहार में

(iv) तितलियाँ क्या करती थीं ?

(क) डालों पर गाना गाती थीं (ख) फूल ले जाती थीं

(ग) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं (घ) नृत्य करती थीं

(v) गद्यांश में 'टाँक' शब्द का भाव है -

(क) तोड़ना (ख) खोलना (ग) निकलना (घ) लगाना,जोड़ना

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

मौसम आज पतंगों का है,<br>
नभ में राज पतंगों का है।<br>
इंद्रधनुष के रंगों का है।<br>
मौसम नई उमंगों का है।

निकले सब ले डोर-पतंगें<br>
उड़ा रहे कर शोर पतंगें।<br>
देखों चारों ओर पतंगें।

(i) मौसम को कैसा बताया गया है?

(क) वसंत का (ख) उत्तरायण का (ग) नई उमंगों का (घ) वर्षा का

(ii) आकाश में किन रंगों की पतंग दिखाई पड़ रही हैं ?

(क) लाल, पीली, नीली (ख) सात रंगों की

(ग) रंग बिरंगी (घ) हरी, नीली

(iii) सबके हृदय में कैसा भाव है ?

(क) प्रसन्नता का (ख) उत्सव मनाने का (ग) जीत का (घ) उपर्युक्त सभी

(iv) 'नभ' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

(क) आकाश (ख) व्योम (ग) मेघ (घ) गगन

(v) पद्यांश का उचित शीर्षक है

(क) पतंगें। (ख) पतंगों का मौसम (ग) इंद्रधनुष के रंग (घ) नई उमंगें

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x8=8)

(i) 'तरल' का विलोम शब्द है -

(क) गीला (ख) ठंढा (ग) पेय (घ) ठोस

(ii) 'पवित्र' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

(क) पुनीत (ख) शुद्ध (ग) प्रसून (घ) निर्मल

(iii) 'आपका' शब्द है -

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) क्रिया (घ) विशेषण

(iv) 'सपूत' शब्द में उपसर्ग है -

(क) पूत (ख) स (ग) त (घ) सपू

(v) 'गर्वीला' शब्द में प्रत्यय है -

(क) ग (ख) गर्वी (ग) ला (घ) ईला

(vi) 'कृषा खा रही है|' वाक्य में क्रिया का भेद है' -

(क) द्विकर्मक (ख) सकर्मक (ग) अकर्मक (घ) कोई नहीं

(vii) 'मुझे चालीस किलो गेहूँ चाहिए |' वाक्य में विशेषण का भेद है -

(क) गुणवाचक (ख) परिमंवाचक (ग) संख्यावाचक (घ) सार्वनामिक

(viii) 'र् + आ + म् + आ + व् + अ + त् + आ + र् + अ ' वर्ण-विच्छेद का सार्थक शब्द है -

(क) रामावतार (ख) रामौतार (ग) रामअवतार (घ) रामअउतार

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x8=8)

(i) निम्नलिखित विकल्प में 'उद्धरण' विराम चिह्न है -

(क) , (ख) - (ग) ; (घ) " "

(ii) 'बस आ चुकी होगी |' काल का भेद है -

(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) भविष्यकाल (घ) कोई नहीं

(iii) 'खाक छानना' मुहावरे का अर्थ है -

(क) दर-दर भटकना (ख) इधर-उधर घूमना

(ग) समय बर्बाद करना (घ) समय पर काम न करना

(iv) 'जो पहले न हुआ हो' वाक्य के लिए एक शब्द होगा -

(क) अलौकिक (ख) अमूल्य (ग) असमय (घ) अपूर्व

(v) 'चाल' शब्द का अनेकार्थी शब्द है -

(क) धोखा (ख) दौलत (ग) आनेवाला दिन (घ) दल

(vi) 'तथा + एव' की संधि है -

(क) तथा (ख) तथेव (ग) तथाव (घ) तथैव

(vii) 'राम-श्याम' में समास का भेद है -

(क) द्वंद्व (ख) द्विगु (ग) कर्मधारय (घ) तत्पुरुष

(viii) 'राजपुत्र' का समास विग्रह है -

(क) राजा के सामान पुत्र (ख) राजा है जो पुत्र

(ग) राजा का पुत्र (घ) कोई नहीं

5. निम्नलिखित पद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

जब किसी ढब से निकल तिनका गया,
तब 'समझ' ने यों मुझे ताने दिए ।
ऐंठता तू किसलिए इतना रहा,
एक तिनका है बहुत तेरे लिए ।

(i) आँख में तिनका जाने पर क्या हुआ ?

(क) आँख दुखने लगी (ख) आँख लाल हो गई

(ग) वह दर्द से परेशान हो गया (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) कवि पर किसने व्यंग्य किया?

(क) घमंड ने (ख) पड़ोसियों ने (ग) सहपाठियों ने (घ) अक्ल ने

(iii) 'आँख' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

(क) चक्षु (ख) लोचन (ग) नेत्र (घ) मोक्ष

(iv) कवि की आँखें क्यों लाल हो गईं ?

(क) एक अखरोट के पड़ जाने से (ख) एक कीट के पड़ जाने से

(ग) एक मच्छर के पड़ जाने से (घ) एक तिनके के पड़ जाने से

(v) पद्यांश के कवि है -

(क) भगवती सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ग) रामशरण सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (घ) आलोक सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

6. निम्नलिखित गद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

इस बात का संबंध मेरे बचपन से जुड़ा हुआ है। मैं हमेशा से ही अपने आपको बहुत असुरक्षित महसूस करता रहा। मैंने अपनी माँ को देखा है कि उन्हें हमारे पालन-पोषण में कितना संघर्ष करना पड़ा है। मेरी तुनुकमिज़ाजी के पीछे कई वजहें हैं । लेकिन मैं बिना लाग-लपेट वाला आदमी हूँ । मन में जो आता है, सीधे-सीधे कह डालता हूँ और बाद में कई बार पछताना भी पड़ता है । मुझसे अपना गुस्सा रोका नहीं जाता । दूसरे लोगों को भी मुझे उकसाने में मज़ा आता है । मुझे जिंदगी में हर छोटी-बड़ी चीज़ के लिए जूझना पड़ा, जिससे मैं चिड़चिड़ा हो गया हूँ । साथ-ही-साथ मैं बहुत भावुक इनसान भी हूँ। मैं किसी को तकलीफ़ में नहीं देख सकता। मैं अपने दोस्तों और अपने परिवार की बहुत कद्र करता हूँ । मुझे अपनी गलतियों के लिए माफ़ी माँगने में कोई शरम महसूस नहीं होती।

(i) 'इस बात का संबंध मेरे बचपन से जुड़ा हुआ है।' यह कथन है -

(क) पिता का (ख) विनीता पांडे का (ग) धनराज पिल्लै का (घ) माँ का

(ii) 'बिना लाग-लपेट वाला आदमी हूँ।' इस पंक्ति का भाव है -

(क) वे बेवाक व्यक्ति थे | (ख) वे धोखेबाज व्यक्ति थे |

(ग) वे प्रेमी जन थे | (घ) वे अपना तारीफ सुनने वाले व्यक्ति थे |

(iii) 'धनराज पिल्लै क्यों चिड़चिड़े हो गए थे ?

(क) जिंदगी में हर छोटी-बड़ी चीज़ मिल जाती

(ख) जिंदगी में हर छोटी-बड़ी चीज़ के लिए जूझना पड़ा

(ग) जिंदगी में हर छोटी-बड़ी चीज़ नहीं मिलती

(घ) जिंदगी में हर छोटी-बड़ी चीज़ माँ दिलवा देती थी

(iv) 'धनराज पिल्लै को क्या करने में शर्म नहीं आती थी ?

(क) अपनी सच्ची बातों के लिए माफ़ी माँगने के लिए

(ख) अपनी बातों को मनवाले के लिए

(ग) दूसरों की सच्ची बातों के लिए माफ़ी माँगने में

(घ) अपनी गलतियों के लिए माफ़ी माँगने में

(v) गद्यांश की लेखिका हैं -

(क) विनीता पांडे ख) धनराज पांडे (ग) धनराज पिल्लै (घ) स्वामी

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x4=4)

(i) किसका प्रेम पाकर भी नदियों का हृदय अतृप्त था ?

(क) सागर का (ख) मनुष्य का (ग) हिमालय का (घ) मनुष्य

(ii) कौन से महीने में बादल सिर्फ गरजते हैं, बरसते नहीं हैं?

(क) जेष्ठ हीने में (ख) अश्विन महीने में

(ग) माघ महीने में (घ) चैत महीने में

(iii) लंबी उड़ान में क्या-क्या संभावनाएँ हो सकती थीं?

(क) क्षितिज की सीमा मिल जाती (ख) साँसों की डोरी तन जाती

(ग) (क) और (ख) दोनों बातें हो सकती थीं (घ) कुछ नहीं होता

(iv) 'नीलकंठ' की लेखिका हैं -

(क) विजय तेंदुलकर (ख) विनीता पाण्डेय (ग) जैनेन्द्र कुमार (घ) महादेवी वर्मा

**खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

8. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) कविता में चित्रित सूर्यास्त और शाम के दृश्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ii) हमें वृक्ष और सरोवर से क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ?

(iii) मीरा ने सावन का वर्णन 'भोर और बरखा' में सहजता से किया है उसका वर्णन करते हुए आप अपने विचार लिखिए |

(iv) पिंजरे में पक्षियों को क्या-क्या कष्ट हैं ?

9. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) अनुमान लगाइए, स्वाधीनता की योजना बनाने के लिए सोनपुर के मेले को ही क्यों चुना गया होगा ?

(ii) वीर कुँवर सिंह ने अपना बायाँ हाथ गंगा मैया को समर्पित क्यों किया?

(iii) ग्राहकों का व्यवहार कैसा होता है ? 'मिठाईवाला' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iv) गांधी जी ने आश्रम के अनुमानित खर्च का ब्यौरा क्यों तैयार किया?

10. निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए - (5x1=5)

(क) पुस्तकालय कितने उपयोगी

संकेत बिंदु-

- पुस्तकालय क्या है ?

- ✧ पुस्तकालय के प्रकार
- ✧ ज्ञान के भंडार
- ✧ आवश्यकता एवं महत्त्व
- ✧ निष्कर्ष

(ख) मोबाइल फ़ोन की क्रांति

संकेत बिंदु-
- ✧ भूमिका
- ✧ बढ़ता उपयोग
- ✧ उपयोगिता
- ✧ दुरुपयोग
- ✧ उपसंहार

(ग) मेरी प्रिय पुस्तक

संकेत बिंदु-
- ✧ प्रिय पुस्तक
- ✧ प्रिय होने का कारण
- ✧ मर्मस्पर्शी कथ्य (मन को छूने वाले कथन)
- ✧ पथ-प्रदर्शक
- ✧ उपसंहार

11. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> पत्र को लगभग 100 शब्दों में लिखिए = (5x1=5)

(क) विद्यालय के प्रधानाचार्य को कारण बताते हुए 10 दिनों के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

(ख) अपनी सखी/मित्र को अपनी बड़ी बहन के विवाह पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

12. विद्यार्थीप्राश' (च्वनप्रास) बनाने वाली कंपनी के लिए 40-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। क्या आपका बच्चा पढ़ाई में कमज़ोर है ? क्या वह पढ़ाई में पिछड़ रहा है, आदि | (3x1=3)

**अथवा**

पुरानी TV को बेचने के लिए 40-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

13. आपके विद्यालय आनंदालय में दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी 2024 को होने वाला है, आप विद्यालय के साहित्यिक मंत्री (जनरल सेक्रेटरी) हैं | लगभग 30-50 शब्दों में सूचना लेखन कीजिए | (4x1=4)

14. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देख कर, मन में उभरे विचारों को समेटते हुए चित्र वर्णन कीजिए - (5x1=5)

**2.**

